Doon Public School Bhuj

ग्रीष्मावकाश - गृहकार्य

Class: IV **Subject: Hindi**

आवश्यक निर्देश :

- दिया गया कार्य **'लेखन विभाग'** से संबंधित है | इसे अपनी हिंदी की टिप्पणी - पुस्तिका (नोटबुक) में लिखें |
- शब्दों की बनावट का ध्यान रखते हुए सुंदर एवं स्पष्ट लिखें |
- प्रश्न 1. में दिए गए संकेतों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संकेतों के विस्तार - वर्णन को समझें |
- प्रश्न 2. में दिए गए कहानी - संकेतों को ध्यानपूर्वक समझें एवं उनके विस्तार द्वारा कहानी लिखने का प्रयास करें |
- अवकाशकालीन समय का सदुपयोग करें एवं स्वस्थ रहें - सुरक्षित रहें |

प्रश्न 1. नीचे दिए संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए |

(एक पेड़ पर कौओं का जोड़ा - पेड़ की खोखल में साँप का बिल - साँप का अंडे खाना - कौए का अपना दुख मित्र लोमड़ी को बताना - लोमड़ी द्वारा कौए को उपाय बताना - रानी का अपनी सहेलियों के साथ नदी में नहाना - कौए का हार उठाकर साँप के बिल में डालना - सिपाहियों का साँप को मारना - कौआ - कौवी का खुश होना - सीख)

शीर्षक - जैसे को तैसा

एक पेड़ पर कौओं का एक जोड़ा रहता था | कौवी ने चार अंडे दिए | उसने कौए से कहा, "देखो जी, कुछ दिनों में हमारे बच्चे अंडों से निकलेंगे | कितनी खुशी की बात है ना !" उसी पेड़ के नीचे एक काला साँप रहता था | एक दिन वह पेड़ पर चढ़ गया और अंडों को देखकर कहने लगा, "अरे वाह ! आज तो मैं इन अंडों को खाकर अपना पेट भरूँगा |" शाम को कौआ - कौवी वापस आए और घोंसले में अपने अंडों को ना पाकर बहुत दुखी हुए | कौए ने कौवी से कहा कि वह चिंता न करे क्योंकि वह समझ गया है कि उनके अंडे उस दुष्ट साँप ने ही खाए हैं | कौवी ने कहा, "आप उस दुष्ट साँप का कुछ नहीं कर पाओगे |" कौवी की बात सुनकर कौआ अपनी दोस्त लोमड़ी के पास मदद माँगने गया | लोमड़ी ने कौए को एक उपाय बताया | कौआ एक नदी के किनारे पहुँचा जहाँ रानी अपनी सहेलियों के साथ स्नान कर रही थी | कौए ने देखा कि उन सबके कपड़े और गहने वहीं पर रखे थे | कौए ने रानी का हार उठाया और तुरंत साँप के बिल में डाल दिया | अपना हार वहाँ न पाकर रानी ने सिपाहियों को हार ढूँढ़कर लाने को कहा | एक सिपाही ने बताया कि उसने एक कौए को हार ले जाते हुए देखा है | सिपाहियों ने हार निकालने के लिए साँप को मार दिया | कौआ - कौवी खुश हो गए |

सीख :- जो दुष्ट व्यवहार करता है उसे बुरा फल ही मिलता है |

प्रश्न 2. निम्न संकेतों को ध्यानपूर्वक पढ़कर, इनके आधार पर कहानी लिखिए |

क. (संकेत : एक बूढ़ा किसान - उसके चार बेटे - चारों का आलसी होना - किसान का बीमार पड़ना - बेटों को लेकर चिंतित होना - चारों को बुलाना - खेत में खजाना गड़ा होने की बात कहना - बेटों का लालच में आकर खेत खोदना - बीज बोना - अच्छी फसल होना - सीख |

ख. (संकेत : एक जंगल - पेड़ के नीचे शेर का सोना - एक चूहे का शेर पर चढ़कर दौड़ना - शेर का जागना - चूहे को पकड़ना - चूहे की प्रार्थना - शेर का चूहे को छोड़ देना - कुछ दिन बाद शेर का शिकारी के जाल में फँसना - चूहे का जाल काटना - शेर का आज़ाद होना –सीख |